**Series SQR1P/1** **SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** + **2** मानचित्र हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **19** printed pages + **2** Maps.

(II) Please check that this question paper contains **30** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***30*** *प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त अन्य खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं ।* *17×1=17*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा वर्ग भारत में सबसे छोटा है ?

(A) संस्कृत, बोडो और मणिपुरी

(B) कन्नड़, तमिल और तेलुगु

(C) डोगरी, पंजाबी और कोंकणी

(D) मैथिली, गुजराती और बांग्ला

**2.** निम्नलिखित में से कौन वस्तुओं के निर्माताओं से संपर्क करके अपने निर्देशानुसार उत्पादों को बनवाकर अत्यधिक मितव्ययता से व्यापारिक माल खरीद पाते हैं ?

(A) व्यापारिक केन्द्र (B) उपभोक्ता सहकारी समुदाय

(C) विभागीय भंडार (D) शृंखला भंडार

**3.** कृत्रिम रेशे और प्लास्टिक विनिर्माण निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) खनिज-आधारित उद्योग (B) रसायन-आधारित उद्योग

(C) वन-आधारित उद्योग (D) पशु-आधारित उद्योग

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **18** and **19** are Source-based questions. Each question carries **3** marks.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **20** to **23** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **24** to **28** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **29** and **30** are Map-based questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions.* $17 \times 1 = 17$

**1.** Which one of the following language groups is the smallest in India ?

(A) Sanskrit, Bodo and Manipuri

(B) Kannada, Tamil and Telugu

(C) Dogri, Punjabi and Konkani

(D) Maithili, Gujarati and Bangla

**2.** Which one of the following is able to purchase merchandise more economically, by contacting the manufacturers to produce the goods according to their specification ?

(A) Trading Centres (B) Consumer Cooperatives

(C) Departmental Stores (D) Chain Stores

**3.** Synthetic fibre and plastic manufacturing is an example of which one of the following ?

(A) Mineral-based industry (B) Chemical-based industry

(C) Forest-based industry (D) Animal-based industry

**4.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

| *(लक्ष्य क्षेत्र नियोजन)* | | *(क्षेत्र)* |
|---|---|---|
| (A) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम | – | भारत के शुष्क और अर्धशुष्क क्षेत्र |
| (B) सूखा संभावी क्षेत्र कार्यक्रम | – | 15 पर्वतीय जिले |
| (C) इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र | – | गंगानगर, हनुमानगढ़ |
| (D) समन्वित जनजातीय विकास कार्यक्रम | – | राजस्थान और गुजरात |

**5.** निम्नलिखित राष्ट्रीय कौशल विकास तथा उद्यमिता नीति (2015) के उद्देश्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

I. भारत में विभिन्न आयु वर्गों की साक्षरता दर में सुधार करना ।
II. सभी कौशल से संबंधित गतिविधियों के लिए रूपरेखा प्रदान करना ।
III. सभी कौशल गतिविधियों को एक मानक के साथ बाँधे रखना ।
IV. कौशल गतिविधियों को इनके माँग केंद्रों से जोड़ना ।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल II, III और IV सही हैं ।

(C) केवल I, III और IV सही हैं ।

(D) केवल I, II और IV सही हैं ।

**6.** 'वर्षा निर्भर कृषि' का दूसरा नाम क्या है ?

(A) उत्पादक कृषि

(B) संरक्षित कृषि

(C) बारानी

(D) ज़ायद

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा नमामि गंगे कार्यक्रम का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(A) शहरों में सीवर ट्रीटमेंट की व्यवस्था करना

(B) औद्योगिक प्रवाह की निगरानी करना

(C) नदी के किनारों पर वनीकरण करना

(D) शहरों से नदी के बहाव को मोड़ना

**4.** Which one of the following pairs is matched correctly ?

| | *(Target Area Planning )* | | *(Area)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Hill Area Development Programme | – | Semi-arid and Arid tracts of India |
| (B) | Drought Prone Area Programme | – | 15 Hilly Districts |
| (C) | Indira Gandhi Canal Command Area | – | Ganganagar, Hanumangarh |
| (D) | Integrated Tribal Development Project | – | Rajasthan and Gujarat |

**5.** Read the following objectives regarding National Policy for Skill Development and Entrepreneurship (2015) carefully and choose the most appropriate option :

I. To improve the literacy rate of different age groups in India.
II. To provide umbrella framework to all skilling activities.
III. To align all skilling activities to common standards.
IV. To link skilling activities with demand centres.

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

**6.** What is the other name of 'Rainfed type of farming' ?

(A) Productive farming (B) Protective farming

(C) Barani (D) Zaid

**7.** Which one of the following is ***not*** the objective of Namami Gange Programme ?

(A) Developing sewerage treatment systems in towns

(B) Monitoring of industrial effluents

(C) Afforestation along the banks of the river

(D) To divert the flow of the river from the cities

8. राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 1 के विस्तार से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) इलाहाबाद/प्रयागराज–हल्दिया

(B) सदिया–धुबरी

(C) कोट्टापुरम–कोल्लम

(D) काकीनाडा–पुदुच्चेरी

9. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन I :* भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात महानगरों के चारों ओर कुछ पुराने नगर अनुषंगी नगरों के रूप में विकसित हुए ।

*कथन II :* दिल्ली इस प्रकार के महानगरों का अच्छा उदाहरण है ।

विकल्प :

(A) केवल कथन I सही है ।

(B) केवल कथन II सही है ।

(C) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I का सही उदाहरण है ।

(D) कथन I और II दोनों सही हैं, परन्तु कथन II, कथन I का सही उदाहरण ***नहीं*** है ।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान में गुच्छित बस्ती के उद्भव का एक कारण है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) भू-संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए ।

(B) बाह्य रक्षा एवं सुरक्षा के लिए ।

(C) उपलब्ध जल स्रोतों का अधिकतम उपयोग करने के लिए ।

(D) आंतरिक रक्षा एवं सुरक्षा के लिए ।

11. निम्नलिखित में से कौन-सा देश में सबसे बड़ा सरकारी उपक्रम है ?

(A) भारतीय रेलवे

(B) भारत का राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण

(C) सीमा सड़क संगठन

(D) ऑल इण्डिया रेडियो

12. भारत के खनन नगरों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) काँडला, कोच्चि और कोझीकोड

(B) अंकलेश्वर, सिंगरौली और डिगबोई

(C) मुंबई, सेलम और मोदीनगर

(D) वाराणसी, रुड़की और अलीगढ़

8. Choose the correct option regarding the stretch of National Waterways No. 1 :

(A) Allahabad/Prayagraj – Haldia

(B) Sadiya – Dhubri

(C) Kottapuram – Kollam

(D) Kakinada – Puducherry

9. Study the following statements carefully and choose the correct option :

*Statement I :* In India, after independence, some old towns around metropolitan cities developed as satellite towns.

*Statement II :* Delhi is a good example of such metropolitan cities.

Options :

(A) Only statement I is correct.

(B) Only statement II is correct.

(C) Both statements I and II are correct and statement II is the correct example of statement I.

(D) Both statements I and II are correct, but statement II is ***not*** the correct example of statement I.

10. Which one of the following is a reason for the emergence of clustered settlements in Rajasthan ? Choose the most appropriate option.

(A) For the maximum utilization of land resources.

(B) For external security and defence.

(C) For maximum utilization of available water resources.

(D) For internal security and defence.

11. Which one of the following is the biggest government undertaking in the country ?

(A) Indian Railways

(B) National Highways Authority of India

(C) Border Roads Organization

(D) All India Radio

12. Choose the correct option regarding mining towns of India :

(A) Kandla, Kochchi and Kozhikode

(B) Ankaleshwar, Singrauli and Digboi

(C) Mumbai, Salem and Modinagar

(D) Varanasi, Roorki and Aligarh

13. दिए गए कथन को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए :

"अधिकांश औद्योगिक अपशिष्ट बहते हुए जल या झीलों में डाल दिया जाता है ।"

निम्नलिखित में से उद्योगों का कौन-सा वर्ग जल प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) चमड़ा, पल्प और कागज़

(B) लोहा, ताँबा और चीनी

(C) चीनी, पेट्रोरसायन और उर्वरक

(D) सूती कपड़ा, रसायन और ऊर्जा संयंत्र

14. निम्नलिखित संगठनों में से कौन-सा अपने सदस्य देशों के लिए वैश्विक व्यापार नियम निर्धारित करता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) संयुक्त राष्ट्र

(B) विश्व व्यापार संगठन

(C) नॉर्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एसोसिएशन

(D) साउथ एशियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

*नीचे दिए गए केस अध्ययन को पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर लिखिए ।*

**जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की अवस्थाएँ**

जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की प्रथम अवस्था में उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता होती है क्योंकि लोग महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति से होने वाली मृत्युओं की क्षतिपूर्ति अधिक पुनरुत्पादन से करते हैं । जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकांश लोग खेती में कार्यरत होते हैं, जहाँ बड़े परिवारों को परिसंपत्ति माना जाता है । जीवन-प्रत्याशा निम्न होती है, अधिकांश लोग अशिक्षित होते हैं और उनके प्रौद्योगिकी स्तर निम्न होते हैं । 200 वर्ष पूर्व विश्व के सभी देश इसी अवस्था में थे ।

द्वितीय अवस्था के प्रारंभ में प्रजननशीलता ऊँची बनी रहती है किंतु यह समय के साथ घटती जाती है । यह अवस्था घटी हुई मृत्यु दर के साथ आती है । स्वास्थ्य संबंधी दशाओं व स्वच्छता में सुधार के साथ मर्त्यता में कमी आती है । इस अंतर के कारण, जनसंख्या में होने वाला शुद्ध योग उच्च होता है ।

अंतिम अवस्था में प्रजननशीलता और मर्त्यता दोनों अधिक घट जाती है । जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ती है । जनसंख्या नगरीय और शिक्षित हो जाती है तथा उसके पास तकनीकी ज्ञान होता है । ऐसी जनसंख्या विचारपूर्वक परिवार के आकार को नियंत्रित करती है ।

इससे प्रदर्शित होता है कि मनुष्य जाति अत्यधिक नम्य है और अपनी प्रजननशीलता को समायोजित करने की योग्यता रखती है ।

वर्तमान में विभिन्न देश जनांकिकीय संक्रमण की विभिन्न अवस्थाओं में हैं ।

**13.** Read the given statement carefully and answer the question that follows :
"Most of the industrial wastes are disposed off in running water or lakes."
Which among the following group of industries are the major source of water pollution ? Choose the most appropriate option.

(A) Leather, pulp and paper
(B) Iron, copper and sugar
(C) Sugar, petrochemical and fertilizer
(D) Cotton textile, chemical and power plant

**14.** Which of the following organisations sets the rules for the global trading among its member nations ? Choose the most appropriate option.

(A) United Nations
(B) World Trade Organisation
(C) North American Free Trade Association
(D) South Asian Free Trade Agreement

*Read the case study given below and answer Q. No.* ***15*** *to* ***17****.*

**Stages of Demographic Transition Theory**

The first stage of demographic transition theory has high fertility and high mortality because people reproduce more to compensate for the deaths due to epidemics and variable food supply. The population growth is slow and most of the people are engaged in agriculture, where large families are an asset. Life expectancy is low, people are mostly illiterate and have low levels of technology. Two hundred years ago, all the countries of the world were in this stage.

Fertility remains high in the beginning of second stage but it declines with time. This is accompanied by reduced mortality rate. Improvements in sanitation and health conditions lead to decline in mortality. Because of this gap, the net addition to population is high.

In the last stage, both fertility and mortality decline considerably. The population is either stable or grows slowly. The population becomes urbanized, literate and has high technical know-how and deliberately controls the family size.

This shows that human beings are extremely flexible and are able to adjust their fertility.

In the present day, different countries are at different stages of demographic transition.

**15.** निम्नलिखित में से किस/किन अवस्था/अवस्थाओं में जनसंख्या वृद्धि उच्च है ?

(A) केवल प्रथम अवस्था में

(B) केवल द्वितीय अवस्था में

(C) प्रथम एवं द्वितीय दोनों अवस्थाओं में

(D) द्वितीय एवं अंतिम दोनों अवस्थाओं में

**16.** निम्नलिखित में से जनसंख्या परिवर्तन के घटक से संबंधित सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) जन्म, मृत्यु और प्रवास

(B) जन्म, घनत्व और प्रवास

(C) घनत्व, साक्षरता और आयु संरचना

(D) मृत्यु, साक्षरता और लिंगानुपात

**17.** निम्नलिखित में से किस/किन अवस्था/अवस्थाओं में जनसंख्या वृद्धि धीमी रहती है ?

(A) केवल प्रथम अवस्था में

(B) केवल द्वितीय अवस्था में

(C) केवल द्वितीय एवं अंतिम अवस्थाओं में

(D) केवल प्रथम एवं अंतिम अवस्थाओं में

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं ।* *2×3=6*

**18.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

### सेवाएँ

सेवाएँ विभिन्न स्तरों पर पाई जाती हैं । कुछ सेवाएँ उद्योगों को चलाती हैं, कुछ लोगों को और कुछ उद्योगों और लोगों दोनों को, उदाहरणत: परिवहन तंत्र । सेवाएँ जैसे — पंसारी की दुकानें, धोबीघाट; उच्चस्तरीय सेवाओं अथवा लेखाकार, परामर्शदाता और चिकित्सक जैसी अधिक विशिष्टीकृत सेवाओं की अपेक्षा अधिक सामान्य और विस्तृत हैं । सेवाएँ भुगतान कर सकने वाले व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को उपलब्ध होती हैं । माली, धोबी और नाई मुख्य रूप से शारीरिक श्रम करते हैं । अध्यापक, वकील, चिकित्सक, संगीतकार और अन्य मानसिक श्रम करते हैं ।

अनेक सेवाएँ अब नियमित हो गई हैं । महामार्गों एवं सेतुओं का निर्माण और अनुरक्षण, अग्निशमन विभागों का अनुरक्षण और शिक्षा की पूर्ति अथवा पर्यवेक्षण और ग्राहक-सेवा महत्त्वपूर्ण सेवाओं में से हैं, जिनका पर्यवेक्षण अथवा निष्पादन प्राय: सरकारों अथवा कंपनियों द्वारा किया जाता है । राज्य और संघ विधान ने परिवहन, दूरसंचार, ऊर्जा और जलापूर्ति जैसी सेवाओं के विपणन के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के लिए निगमों की स्थापना की है । स्वास्थ्य की देखभाल, अभियांत्रिकी, विधि और प्रबंधन व्यावसायिक सेवाएँ हैं । मनोरंजनात्मक और प्रमोद सेवाओं की स्थिति बाज़ार पर निर्भर करती है ।

**15.** Which among the following stage/stages has/have high growth of population ?

(A) Only the first stage (B) Only the second stage

(C) Both first and second stages (D) Both second and last stages

**16.** Choose the most appropriate option from the following regarding components of population change :

(A) Births, deaths and migration

(B) Births, density and migration

(C) Density, literacy and age structure

(D) Deaths, literacy and sex ratio

**17.** Which of the following stage/stages has/have a slow growth of population ?

(A) Only the first stage

(B) Only the second stage

(C) Only second and last stages

(D) Only first and last stages

## SECTION B

*Questions number **18** and **19** are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

### Services

Services occur at many different levels. Some are geared to industry, some to people, and some to both industry and people, e.g., the transport systems. Services, such as grocery shops and laundries are more common and widespread than high-order services or more specialized ones like those of accountants, consultants and physicians. Services are provided to individual consumers who can afford to pay for them. For example, the gardener, the launderers and the barber do primarily physical labour. Teachers, lawyers, physicians, musicians and others perform mental labour.


Many services have now been regulated. Making and maintaining highways and bridges, maintaining fire fighting departments and supplying or supervising education and customer care are among the important services most often supervised or performed by governments or companies. State and Union legislation have established corporations to supervise and control the marketing of such services as transport, telecommunication, energy and water supply. Professional services are primarily health care, engineering, law and management. The location of recreational and entertainment services depends on the market.

(18.1) सामान्य एवं विस्तृत सेवाओं के किसी एक उदाहरण का उल्लेख कीजिए । *1*

(18.2) सेवाओं के विपणन का कौन पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण करता है ? *1*

(18.3) "सेवाएँ विभिन्न स्तरों पर पाई जाती हैं ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1*

**19.** दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*




(19.1) 1950 – 51 की तुलना में 2014 – 15 में भू-उपयोग की किस श्रेणी में अधिकतम शुद्ध वृद्धि हुई ? *1*

(19.2) 1950 – 51 की तुलना में 2014 – 15 में भू-उपयोग की किस श्रेणी में अधिकतम शुद्ध गिरावट हुई ? *1*

(19.3) कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि के अंतर्गत गिरावट के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है ।*


"किसी क्षेत्र में भू-उपयोग, अधिकतर वहाँ की आर्थिक क्रियाओं की प्रवृत्ति पर निर्भर है ।" इस कथन की पुष्टि तीन बिंदुओं में कीजिए । *3*

(18.1) Mention any one example of common and widespread services. *1*

(18.2) Who supervises and controls the marketing of services ? *1*

(18.3) "Services occur at many different levels." Support the statement. *1*

**19.** Study the given diagram carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*




(19.1) In 2014 – 15, which category of land use has undergone the highest net increase in comparison to 1950 – 51 ? *1*

(19.2) In 2014 – 15, which category of land use has undergone the highest net decline in comparison to 1950 – 51 ? *1*

(19.3) Mention any two reasons for the decline in land under culturable wasteland. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***19****.*

"Land use in a region, to a large extent, is influenced by the nature of economic activities carried out in that region." Support the statement in three points. *3*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या* **20** *से* **23** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।* *4×3=12*

**20.** (क) विश्व व्यापार संगठन की होने वाली आलोचनाओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 'व्यापार संतुलन' क्या है ? 'व्यापार संतुलन' की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1+2=3*

**21.** भारत में जनसंख्या वृद्धि की 'प्रावस्था ख' की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**22.** (क) पर्यावरणीय निश्चयवाद की संकल्पना की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "प्रकृति और मानव के बीच द्वैधता वैध नहीं है ।" इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**23.** भारत में मलिन बस्तियों (slums) की किन्हीं तीन समस्याओं की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या* **24** *से* **28** *दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं ।* *5×5=25*

**24.** 'मानव विकास सूचकांक' का किस प्रकार मापन किया जाता है ? मानव विकास के महत्त्वपूर्ण सूचकों की व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

**25.** (क) अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए । इसकी प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1+4=5*

**अथवा**

(ख) राइन जलमार्ग की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *5*

**26.** (क) विश्व में रोपण कृषि की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) विश्व में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । *5*

**27.** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में भारतीय समुद्री पत्तनों की व्याख्या कीजिए । *5*

**28.** (क) भारत में खनिज संसाधनों के संरक्षण और सतत पोषणीय विकास के संबंध का विश्लेषण कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) भारत में सौर ऊर्जा का उदाहरण देकर ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोतों के लाभों का विश्लेषण कीजिए । *5*

## SECTION C

*Questions number **20** to **23** are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** (a) Explain the criticisms faced by the World Trade Organization. *3*

**OR**

(b) What is 'Balance of Trade' ? Explain the characteristics of 'Balance of Trade'. *1+2=3*

**21.** Explain any three characteristics of 'Phase II' of growth of population in India. *3*

**22.** (a) Explain with example the concept of environmental determinism. *3*

**OR**

(b) "The dichotomy between physical and human is not a very valid one." Explain the statement with example. *3*

**23.** Explain any three problems of slums in India. *3*

## SECTION D

*Questions number **24** to **28** are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** How is the 'Human Development Index' measured ? Explain key areas of human development. *2+3=5*

**25.** (a) Name the canal connecting the Atlantic Ocean and the Pacific Ocean. Explain its main features. *1+4=5*

**OR**

(b) Explain the main features of the Rhine Waterways. *5*

**26.** (a) Analyze the main features of Plantation Agriculture in the world. *5*

**OR**

(b) Analyse the main features of extensive commercial grain cultivation in the world. *5*

**27.** Explain the Indian sea ports as gateways of international trade. *5*

**28.** (a) Analyze the relationship between the conservation of mineral resources and sustainable development in India. *5*

**OR**

(b) Analyze the advantages of non-conventional energy sources by giving the example of solar energy in India. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं ।* *2×5=10*

**29.** दिए गए **विश्व** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 21 पर), में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र

B. एक नौ परिवहन नहर

C. ऑस्ट्रेलिया का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

D. जापान का एक प्रमुख वायु पत्तन

E. दक्षिणी अमेरिका का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

F. निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र

G. एक प्रमुख आंतरिक जलमार्ग

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों का उत्तर दीजिए :* 5×1=5

(29.1) अफ्रीका के एक विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.2) भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए ।

(29.3) ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी भाग में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.4) जापान के प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.5) ब्राज़ील के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.6) अफ्रीका के एक प्रमुख निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.7) उत्तरी अमेरिका का प्रमुख आंतरिक जलमार्ग कौन-सा है ?

## SECTION E

*Questions number **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 21), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. An area of extensive commercial grain farming

B. A shipping canal

C. A major sea port in Australia

D. A major airport in Japan

E. A major sea port of South America

F. An area of subsistence gathering

G. A major inland waterway

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name a major area of extensive commercial grain farming in Africa.

(29.2) Name the canal linking Mediterranean Sea and Red Sea.

(29.3) Name the major sea port located in western part of Australia.

(29.4) Name the major airport of Japan.

(29.5) Name the major sea port of Brazil.

(29.6) Name the main area of subsistence gathering in Africa.

(29.7) Which is the major inland waterway in North America ?

**30.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर), में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) तूतीकोरिन : प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.2) खेतड़ी : ताँबे की खानें

(30.3) पंजाब का एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

(30.4) चावल उत्पादक अग्रणी राज्य

(30.5) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(30.6) उत्तर प्रदेश की तेल शोधनशाला

(30.7) झरिया : कोयले की खानें

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* 5×1=5

(30.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तूतीकोरिन समुद्री पत्तन स्थित है ।

(30.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ खेतड़ी ताँबे की खानें स्थित हैं ।

(30.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब का अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है ।

(30.4) चावल उत्पादन के अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

(30.5) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(30.6) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश की तेल शोधनशाला स्थित है ।

(30.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ झरिया कोयले की खानें स्थित हैं ।

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) Tuticorin : Major sea port

(30.2) Khetri : Copper mines

(30.3) An international airport in Punjab

(30.4) Leading rice producing state

(30.5) State with the highest density of population

(30.6) Oil refinery in Uttar Pradesh

(30.7) Jharia : Coal mines

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state where Tuticorin sea port is located.

(30.2) Name the state where Khetri copper mines are located.

(30.3) Name the place where an international airport is located in Punjab.

(30.4) Name the leading rice producing state.


(30.5) Name the state with highest density of population.

(30.6) Name the place where oil refinery is located in Uttar Pradesh.

(30.7) Name the state where Jharia coal mines are located.

प्रश्न सं. 29 के लिए

For question no. 29



प्रश्न सं. 30 के लिए

For question no. 30

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**

